## एक नजर

### जबरदस्ती बधाई वसूली पर फूटा गुस्सा



**झालू।** कस्बा झालू में किन्नरों द्वारा बधाई के नाम पर कथित जबरदस्ती धनराशि वसूले जाने के विरोध में नगरवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। इस संबंध में रविवार शाम पांच बजे चौधरियान धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए अवैध वसूली के विरुद्ध ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता परवीन सिंह ने की, जबकि संचालन ज्ञानेश्वर सिंह ने किया। बैठक में नगर के वैश्य समाज के एक गणमान्य व्यापारी के पुत्र के विवाह उपरांत किन्नरों द्वारा बधाई मांगते समय कथित अभद्र व्यवहार किए जाने की घटना पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि पारिवारिक आयोजनों-जैसे विवाह या नवजात शिशु जन्म पर बधाई मांगना परंपरा का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जब यह जबरदस्ती और दबाव का रूप ले ले, तो यह कानून व्यवस्था का विषय बन जाता है। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह सामाजिक सम्मान और आपसी भाईचारे में विश्वास रखते हैं, परंतु किसी भी प्रकार की दबावपूर्वक धन उगाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अनुरूप स्वेच्छा से बधाई देने की परंपरा बनाए रखने की बात रखी गई। इसी मुद्दे पर सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया, जो प्रशासन से संवाद कर समाधान का मार्ग निकालेगी। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में पुन: जबरदस्ती की घटनाएं सामने आती हैं, तो झालू कमेटी एवं क्षेत्रवासी कानून के तहत कार्यवाही करने को बाध्य होंगे। बैठक में ज्ञानेश्वर सिंह, जयपाल सिंह आर्य, मुनीश कुमार, साजन सिंह, उमंग काकरान, ओमपाल सिंह, कामेंद सिंह, सुधीर चौधरी, नरेश भास्कर, महेंद्र सिंह और सौनाथ सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर में इस प्रकरण को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है, वहीं लोग प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### विधायक ने चौपाल में सुनी समस्याएं



**कालागढ़।** दुर्गा भवन पुरानी कॉलोनी कालागढ़ में क्षेत्रीय विधायक सुशांत कुमार ने जन समस्याओं के लिए एक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक सुशांत कुमार ने पहुंच कर जन समस्याएं सुनी मौके पर कई अधिकारियों को फोन कर जनता की जन समस्याओं का निस्तारण किया। वहीं जनता ने पुराना कालागढ़ में एक पानी की टंकी की मांग का मुद्दा उठाया। साथ ही वर्षों से टूटी फूटी पड़ी नालियों के निर्माण की गुहार तथा खराब पड़ी सड़कों की मरम्मत व नई सड़क बनाने की मांग का मुद्दा उठाया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जन समस्याओं का निस्तारण किया। वहीं शिविर प्रबंध खंड के अधिकारियों से मौके पर फोन एवं वार्ता न होने पर विधायक ने अफसोस जाहिर किया। वहीं लंबे समय से बाजार में भाजपा कार्यकर्ता बब्बू के पुराने आवास के सामने सड़क निर्माण न किए जाने पर भी क्षेत्रीय प्रधान से सड़क को बनाने का प्रस्ताव बनवाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर कुणाल, शालू, मास्टर कालूराम, बब्बू, विजय यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलों की वर्षा कर क्षेत्रीय विधायक का इस्तकबाल किया।

### विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में जुड़े कार्यक्रम के तहत पूरे भारत में विराट हिंदू सम्मेलन मंडल बस्ती स्तर पर हो रहा है। इसके तहत मालिनी नगर के गुरु नानक बस्ती में कल पारस लोक कॉलोनी में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दीप्तिमान ने परंपरानुसार दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सह नगर कार्यवाह नरेश चंद के संचालन में सरस्वती विद्या मंदिर के बहनों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के जिला प्रचारक दीप्तिमान, जिला सेवा प्रमुख विपिन, जॉइन आरएसएस के प्रांत प्रमुख राहुल आदि लोगों ने हिंदू सम्मेलन के प्रति प्रकाश डाला एवं अपनी ओजस्वी वचनों से सबको अनुग्रहित करा। कार्यक्रम में हजारों लोग भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया एवम् धर्मलाभ उठाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह रहे । कार्यक्रम में नगर एवं खंड प्रचारक ऋतिक सामाजिक समरसता जिला संयोजक श्रीमान द्रवित, सामाजिक सद्भाव प्रमुख अंकित, सह प्रमुख मोंटी, जगदीश जोशी, सरदार रॉबिन सिंह आदि लोग उपस्थित रहा ।

### क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराएं

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को निर्देशित किया कि शक्ति चौक से नगीना मार्ग के हाईवे लिंक तक सड़कों के गड्ढों को भरवा कर टूटी हुई सड़कों की समुचित मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी उद्योग बंधु की बैठक में यह मुद्दा द्वारा सामने नहीं आना चाहिए।

# तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी

## खो बैराज में कूदे युवक का नहीं लगा सुराग, दूर बह जाने की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो बैराज नहर में कूदे युवक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के तीसरे दिन भी तलाश अभियान लगातार जारी है। युवक की खोज के लिए 23वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम विशेष उपकरणों के साथ नहर में सघन सर्च ऑपरेशन चला रही है।

गौरतलब है कि धामपुर निवासी योगेश सैनी शनिवार शाम शेरकोट पहुंचा था। बताया जा रहा है कि वह नेशनल हाईवे पर स्थित खो बैराज पुल से नहर में कूद गया। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई गई, लेकिन नहर में तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। सोमवार को तीसरे दिन भी पीएसी की टीम ने संभावित स्थानों पर गहन तलाशी ली। जवानों ने नहर के कई किलोमीटर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि तेज जलधारा के चलते युवक काफी दूर तक बह गया हो सकता है। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की तलाश में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और रेस्क्यू अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल जाता। उधर युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन लगातार घटनास्थल पर मौजूद हैं और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं।

### शव को बरामद करने में लगे प्रभारी वीरेन्द्र कुमार व पुलिस टीम की सरहाना

**शेरकोट।** खो नदी में कूदे व्यक्ति के शव को लेकर भले ही परिजन परेशान है, लेकिन लगातार 48 घंटों से थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार सहित भारी पुलिस व्यक्ति के शव को बरामद करने के लिए खो बैराज पर दिन रात डेरा डाले हुए है। उक्त व्यक्ति के शव को बरामद करने के लिए थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार के लगातार प्रयास में लगे हुए है, उनके कार्य को लेकर नगर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में सरहाना हो रही है।

## एससी/एसटी आयोग के सदस्य ने वाल्मीकि समाज की बैठक ली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह मंगलवार को पहुंचे। उन्होंने यहां वाल्मीकि समाज की एक बैठक ली और जन समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। इस दौरान उनका स्वागत किया गया।

नगर पालिका परिषद नगीना में आयोजित इस बैठक में उन्होंने पंचायत राज, श्रम विभाग और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर सुझाव मांगे गए और समस्याओं के समाधान का आश्वा. सन दिया गया। महिपाल सिंह ने कहा कि सरकार जनता से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि वाल्मीकि समाज, जो सीधे जनता से जुड़ा है, उसकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। नगर पालिका नगीना के अधिशासी अधिकारीआशुतोष जायसवाल ने बताया कि आयोग सदस्य ने सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर पालिका से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत का समाधान प्राथमिक आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर सफाई मजदूरों की ओर से महिपाल सिंह को सम्मानित भी किया गया।

बैठक में सफाई मजदूर, सभासद, समाजसेवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## यतीम खाना में 39वीं शबीना तरावीह मुकम्मल



### हजारों अकीदतमंदों ने की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान के महीने में मौहल्ला चाहशीरीं स्थित बुल्ला के चौराहे पर अंजुमन खादिमुल यातामा वल्द मदारिस इस्लामिया (यतीम खाना) में 39वीं शबीना तरावीह मुकम्मल हुई। इस मौके पर क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत कर इबादत का सवाब हासिल किया।

कार्यक्रम में कारी जैनुल आरीफीन ने खूबसूरत अंदाज में कलाम-ए-पाक सुनाया। जबकि कारी अखलाक ने कलाम-ए-पाक को सुना। कलाम-ए-पाक मुकम्मल होने के बाद कारी अबरार ने वितर की नमाज अदा करवाई। वहीं मुफ्ती विकार ने अपने बयान में रमजान की फजीलत बयान करते हुए इबादत और तकवा की अहमियत पर रोशनी डाली।

अंत में कारी हन्नान ने देश की तरक्की, दुनिया में अमन-चैन और गुनाहों की माफी के लिए खास दुआ कराई। कार्यक्रम का सफल आयोजन वरिष्ठ सभासद जुल्फुकार बैग उर्फ बेबी की देखरेख में किया गया। उल्लेखनीय है कि उनकी निगरानी में पिछले 39 वर्षों से शबीना तरावीह का यह सिलसिला लगातार जारी है।

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से शैक्षणिक जगत को मिला नया मंच

## व्यक्तिगत शोक के बीच कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बनीं डॉ. अल्पना सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय द्वारा हाल ही में आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी न केवल शैक्षणिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल भी बनी। इस संगोष्ठी में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विषय विशेषज्ञों ने भाग लेकर छात्राओं और शिक्षकों को समसामयिक शैक्षणिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वैश्विक शैक्षणिक मंच से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में वक्ताओं ने अपने शोध अनुभव साझा किए, जिससे छात्राओं को अकादमिक मार्गदर्शन के साथ-साथ करियर को लेकर नई दिशा और प्रेरणा मिली।

महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह आयोजन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया। स्थानीय शिक्षकों के साथ-साथ अन्य राज्यों और विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों की सहभागिता ने कार्यक्रम को बहुआयामी बना दिया। संगोष्ठी में शामिल छात्राओं का कहना है कि ऐसे आयोजनों से उन्हें नई सोच, आत्मविश्वास और उच्च शिक्षा व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षकों ने भी इसे अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने वाला कदम बताया।

इस सफल आयोजन के पीछे कार्यक्रम संयोजक डॉ. अल्पना सिंह की भूमिका को विशेष रूप से सराहा जा रहा है। कम ही लोग जानते थे कि संगोष्ठी से कुछ दिन पूर्व 28 जनवरी को लखनऊ में उनके पिता का देहांत हो गया था। यह कार्यक्रम लगभग चार महीने पहले ही निर्धारित किया जा चुका था। आयोजकों के अनुसार, अंतिम समय में कार्यक्रम की तिथि बदलना संभव नहीं था, क्योंकि देश-विदेश से आमंत्रित अतिथियों के कार्यक्रम पहले से तय थे और तिथि परिवर्तन की स्थिति में पूरा आयोजन रद्द होने की आशंका थी।

व्यक्तिगत शोक के बीच भी डॉ. अल्पना सिंह ने अपने दु:ख को निजी स्तर पर संभालते हुए कार्यक्रम की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और गरिमा के साथ निभाई। आयोजन के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की स्वयं निगरानी की। मध्य प्रदेश, केरल, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, नोएडा, प्रयागराज, फिरोजाबाद, रायबरेली, बछरांवा, नजीबाबाद, झांसी, बरेली आदि अलग प्रदेशों और प्रांतों से वक्ता आमंत्रित थे।

अतिथियों व वक्ताओं का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के अनुसार, उनके चेहरे पर निजी पीड़ा का आभास तक नहीं हुआ और अतिथियों को भी उनके पारिवारिक शोक की जानकारी नहीं थी। कार्यक्रम के सफल समापन के तुरंत बाद डॉ. अल्पना सिंह अपने पारिवारिक दायित्व निभाने के लिए लखनऊ रवाना हो गईं।

महाविद्यालय प्रबंधक रेनू गोयल, प्राचार्य प्रो. पूनम चौहान का कहना है कि इस तरह के कठिन समय में भी संस्थागत जिम्मेदारियों को निभाना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे अपने कर्तव्य के रूप में स्वीकार कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और छात्राओं ने उनके इस समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह महिला नेतृत्व, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। कई शिक्षकों ने इसे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और दायित्वों को निभाने की सीख भी देती है।

हालांकि आयोजन को लेकर कुछ लोगों द्वारा सवाल भी उठाए गए, लेकिन शिक्षाविदों का मानना है कि किसी भी बड़े शैक्षणिक कार्यक्रम में व्यवस्थागत चुनौतियां स्वाभाविक होती हैं। व्यक्तिगत परिस्थितियों को नजरअंदाज कर केवल नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना उचित नहीं है। इस संगोष्ठी ने न केवल छात्राओं को वैश्विक शैक्षणिक विमर्श से जोड़ा, बल्कि यह संदेश भी दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी से समाज व शिक्षा जगत को नई दिशा दी जा सकती है।

डा. अल्पना सिंह बताती है कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विश्व फलक पर हिंदी की समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा कर नए मौलिक निष्कर्षों का प्रतिपादन करना था। इसके साथ ही इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ ही 'संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिए जाने हेतु' हिंदी हस्ताक्षर अभियान का भी प्रारम्भ किया गया।

## एक नजर

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत



**नूरपुर।** गोहावर चौराहे से आगे पेट्रोल पंप के पास अमरोहा जनपद के गांव कुमुखिया से सवारियां लेकर जा रहे ऑटो को सामने से आ रही वैन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क किनारे पलट गया। हादसे में हल्दौर थाने के गांव मुकरपुर सत्ती निवासी 70 वर्षीय राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में ऑटो चालक समरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में चार महिलाओं सहित आठ से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### सड़क सुरक्षा के लिए किया प्रेरित



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम अजूपुरा जट में एसपी कॉलेज तिगरी से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में आज तीसरे दिवस स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए ग्रामीणों को सचेत किया गया और परिवहन के नियमों का पालन करने के लिए आह्वान किया। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल ने भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए सभी उपस्थित ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एक जान की कीमत को समझना चाहिए और सड़क पर चलते समय दो पहिया के लिए हेलमेट और चार पहिया के लिए सीट बेल्ट लगाना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंबिका बंसल के साथ-साथ विपिन कुमार, गुरदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, कपिल शर्मा, संगीता सिंह, आसिफ मंसूरी, देव मौर्य, विनय कुमार का विशेष योगदान रहा।

### अनियंत्रित कार खाई में पलटी



**शेरकोट।** तेज गति से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे कई फिट गहरी खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि किसी को कोई गम्भीर चोट नही आई। गदरपुर निवासी शालू किन्नर अपने साथियों के साथ रविवार की देर रात स्कॉर्पियो गाड़ी से धामपुर की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई और गाड़ी चालक गाड़ी पर से अपना नियन्त्रण खो बैठा। जिससे गाड़ी कई पलटी खाती हुई भूतपुरी पुल के नजदीक खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी सवार सभी को गाड़ी से बाहर निकाला। घटना से अफरा तफरी मच गई।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शेरकोट।** ग्राम नैना कॉलोनी थाना रुद्रपुर जनपद उधमसिंह नगर निवासी विशाल सिंह ने थाना शेरकोट में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई जितेन्द्र सिंह 14 फरवरी को अपने साथी प्रेम के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहा था। जब वे मुबारकपुर कुंडा पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज गति व लापरवाही से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को सरकारी अस्पताल अफजलगढ़ भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रुद्रपुर स्थित गौतम अस्पताल रेफर किया गया। बाद में जितेन्द्र सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे में चौथे घायल की मौत



**नजीबाबाद।** कल हुए सड़क हादसे में घायल कार चालक अमनदीप उर्फ हैप्पी की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में पहले ही एक महिला समेत तीन लोगों की जान जा चुकी थी, जिससे मृतकों की कुल संख्या चार हो गई है। मोहल्ला मकबरा निवासी 25 वर्षीय अमनदीप उर्फ हैप्पी पुत्र प्रिंस कल हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन आज सुबह 7:00 बजे के करीब उसकी मौत हो गई। यह हादसा 22 फरवरी को भारत गैस गोदाम के समीप रायपुर रोड पर हुआ था। एक कार और मेट्रो रिक्शा की टक्कर के बाद कार एक मोपेड से जा टकराई थी। इस दुर्घटना में मौके पर ही एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। अमनदीप की बहन की शादी 21 फरवरी को हुई थी। दो दिन बाद अमनदीप की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। वह अपने पीछे लगभग 2 वर्ष का एक छोटा लड़का छोड़ गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी के...**

दिया। पहले एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकट 100 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय थीम आधारित ग्रुप हाउसिंग टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 12,000 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। परियोजना को वर्ष 2027 में शुरू करने की योजना है।

दूसरे समझौते के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। 650 करोड़ रुपये के निवेश से प्रस्तावित इस परियोजना से करीब 7,500 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे भी वर्ष 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। तीसरे एमओयू के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। 2,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना से लगभग 1,500 रोजगार सृजित होंगे। इसे वर्ष 2028 में शुरू किए जाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश को देश के अग्रणी डेटा सेंटर हब तथा औद्योगिक निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सिंगापुर दौरे के पहले दिन हुए ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, शहरी विकास को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं।

**'मोहम्मद दीपक'....**

कोई गलत काम नहीं किया है। राहुल जी ने ये भी कहा कि वे कोटद्वार आकर मुझसे मिलेंगे और मेरे जिम की मेंबरशिप लेंगे। श्री दीपक ने बताया कि श्री गांधी ने उन्हें 10 जनपथ मिलने के लिए बुलाया गले लगाकर उनके साहस की जमकर तारीफ की। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक एक्स पेज पर उनके गले मिलने की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा दो भाई-मोहब्बत के सिपाही। मोहम्मद दीपक ने एकता, भाईचारे और हिम्मत की वो मिसाल पेश की है, जो देश के हर युवा को अन्याय और नफरत के खिलाफ लड़ने का हौसला देगी। दीपक 'मोहब्बत की दुकान' के योद्धा हैं-पूरे देश को इन पर गर्व है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर दीपक से मुलाकात के बाद लिखा कि हर इंसान, एक समान, यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई 'मोहम्मद दीपक' से मुलाक. ात-एकता और साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए।

# इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन की सराहना भी की। अब्दुल्ला वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की उस टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें सुझाव दिया गया था कि गांधी के बजाय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के छठे आयोजन की शुरूआत के बाद पत्रकारों से कहा कि इंडिया गठबंधन में अब तक ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए मुझे नहीं पता कि इस प्रस्ताव पर कहां चर्चा हो रही है। अय्यर ने अपनी निजी राय दी है। उन्हें अपनी राय देने का अधिकार है। अब्दुल्ला ने कहा कि राय व्यक्त करना लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है, लेकिन कोई भी अंतिम निर्णय सामूहिक होगा। उन्होंने कहाकि कोई यह नहीं कह सकता कि अय्यर को बोलने का अधिकार नहीं है। लेकिन अंत में, जब कोई निर्णय लिया जाएगा, तो वह इंडिया गठबंधन का होगा। सभी साथ मिलकर इस पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन की बैठकों के एजेंडे में नेतृत्व कभी शामिल नहीं था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बदलाव का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने कहा कि अब तक इंडिया गठबंधन की किसी भी बैठक में नेतृत्व के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए अब्दुल्ला ने ऐसी मांगों के आधार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने में राहुल गांधी में क्या कमी थी? वह ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा भाजपा को निशाना बनाते हैं। वह हमेशा भाजपा का विरोध करते हैं और हर बात पर सरकार से सवाल पूछते हैं। अब्दुल्ला ने इसे विपक्ष की मौलिक जिम्मेदारी बताते और कहा कि विपक्ष के नेता का यही काम है। आप गांधी से इससे ज्यादा और क्या चाहते हैं? कभी-कभी कांग्रेस चुनावों में सफल नहीं होती है, लेकिन इंडिया गठबंधन का काम सरकार को जवाबदेह ठहराना और भाजपा का विरोध करना है। गांधी इसमें कहां पीछे रहे? मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि शीतक. ालीन खेलों के लिए देश में गुलमर्ग का कोई मुकाबला नहीं है, लेकिन बदलते मौसम के मिजाज शीतकालीन खेलों और पर्यटन के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठी बार गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानने का एकमात्र तरीका है कि आपको शीतकालीन खेलों के लिए इस देश में इससे बेहतर जगह नहीं मिलेगी, लेकिन यह भी सच है कि मौसम की स्थिति बदल रही है। फरवरी में हम गुलमर्ग में इतनी गर्मी की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन यह हकीकत है और हमें इसे स्वीकार करना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि भविष्य की योजना बनाते समय जलवायु की वास्तविकताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

### यूपी चुनाव 2027 से पहले 'राम' पार्टी का ऐलान

**वृंदावन।** यूपी के चर्चित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने वृंदावन से अपनी नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर दी है। हुंकार भरते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी पार्टी का नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आर.ए.एम) का ऐलान किया है। इस दौरान पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह का पोस्टर भी जारी किया गया है। समर्थकों की मौजूदगी में की गई इस घोषणा को आगामी चुनावी समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। बता दें कि अलंकार अग्निहोत्री ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी के नए नियम से जुड़े विवाद को लेकर अपने सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पूर्व में ही पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस बात की घोषणा की थी कि सोमवार को वृंदावन की पावन धरा से नई राजनीतिक पार्टी के नाम का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

## एक नजर

### यातायात जागरूकता अभियान चलाया




**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल मे चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम मुस्तफाबाद में धनौरा से नूरपुर रोड पर प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा डा. शिवाली राजपूत के नेतृत्व में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही स्वयंसेवियों ने कार चालकों से सीट बेल्ट प्रयोग करने की अपील की। उधर द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा संयोजक विवेक कुमार के नेतृत्व में ग्राम सरकथल में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने नवयुवकों से वाहन चलाते समय सावधानी रखने की अपील की। गोष्ठी में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि अनेक युवा नशे की हालत में वाहन चलाते हैं। नशे की हालत में वाहन चलाना राहगीरों के साथ-साथ स्वयं के लिए भी हानिकारक है। कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने भी स्वयंसेवियों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही राहगीरों को रोड़ सेफ्टी टिप्स भी दिए। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री, डा. शिवाली राजपूत, डा. ओमपाल त्यागी, रुक्मिणी देवी, सुषैन बाबू शर्मा, नीशु देवल, गौरव, डा. वरुण कुमार, राकेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### मंडी समिति में आलू उत्पादकों की बैठक



**चांदपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में आलू उत्पादक किसानों की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में आलू उत्पादकों के साथ साथ आढ़ती भी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता आढ़ती सुभाष सैनी ने की, जबकि संचालन रूप सिंह सैनी ने किया। इस बैठक में उपस्थित आलू उत्पादकों ने कहा कि आलू उत्पादकों के सामने बड़ी समस्याएं है, जिनकी अनदेखी सरकारे करती चली आ रही हैं। पहली यह कि सरकार की नीतियों के कारण आलू उत्पादकों को खुले बाजार में लूटने के लिए छोड़ा जा रहा है, यदि उत्पादन अधिक है तो सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि सरकार आलू का निर्यात करें। अमर सिंह सैनी और रुप सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि आज उत्पादन लागत 400 प्रति रुपए बैग आती है और बाजार में 150, 200, 250 रुपए प्रति बैग बिक रहा है। इस व्यवस्था के लिए सरकार जिम्मेदार है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 फरवरी को नवीन मंडी स्थल चांदपुर में आलू उत्पादकों, आढ़तियों की बड़ी बैठक आगामी आंदोलन के लिए होगी, जिसमें शामिल होने के लिए समस्त आलू उत्पादकों से अनुरोध किया गया। बैठक को धर्म सिंह सैनी, शिवचरण सिंह, अमर सिंह सैनी, रूप सिंह सैनी, राजीव सिंह, सुरेश कुमार, निर्देश सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी, कृष्ण पाल सिंह, नरेश सैनी, सोनू सैनी, राहुल सैनी, लज्जाराम, कुलदीप सैनी, समर पाल सिंह, विक्की सैनी आदि उपस्थित रहे।

### युवती की फर्जी आईडी बनाने का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके एक दूर के रिश्तेदार युवक ने उसके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बना ली है। वह युवती के फोटो को गलत तरीके से एडिट कर फेसबुक पर अपलोड कर रहा है। वह गलत मैसेज तथा वीडियो वायरल कर रहा है। आरोपी ने युवती के नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी भी बना ली है, जिस पर वह युवती से मिलने के लिए अनावश्यक दबाव बना रहा है। युवती का रिश्ता तय हो चुका है। वह रिश्ता तुड़वाने का प्रयास कर रहा है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिकेत पुत्र मुकेश कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

## सीडीओ ने पंचायतों, गौशाला और स्वच्छता व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड धामपुर में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह एवं उपायुक्त मनरेगा रामबहाल यादव द्वारा संयुक्त रूप से विकास खंड कार्यालय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई व्यवस्था, पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों, गौशालाओं तथा पेयजल व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने खंड कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों की स्थिति एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। साथ ही विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित गौशाला का भी अवलो. कन किया गया। गौशाला में कुल 235 पशु संरक्षित पाए गए। अधिकारियों ने पशुओं के लिए चारे, स्वच्छ पेयजल तथा साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को गौवंश के संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वच्छता मिशन के अंतर्गत गांवों में चल रहे कार्यों की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। सीडीओ रणविजय सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप द्वारा संयुक्त रूप से कूड़ा प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि गांवों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के औचक निरीक्षणों से व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बढ़ती है और विकास कार्यों में तेजी आती है। प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित निरीक्षण कर विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

# हादसों पर अंकुश के लिए एसपी सख्त

## हाईवे पर अवैध कट बंद कराने के निर्देश, 18 बिंदुओं पर विशेष चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जनपद बिजनौर में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर डिवाइडर तोड़कर बनाए गए अवैध कट और रास्तों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के आदेश दिए हैं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों के कारण होने वाले हादसों पर रोक लगाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक पुलिस को जनपद के 18 संवेदनशील बिंदुओं को चिन्हित कर वहां विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

इन स्थानों पर तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

पुलिस ने हाईवे से गांवों को जोड़ने वाले लिंक मार्गों पर भी विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इन मार्गों पर अचानक वाहन हाईवे पर चढ़ने या उतरने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में इन स्थानों पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर और पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां अवैध कट बनाए गए हैं, वहां लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से उन्हें बंद कराया जाए और सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही आवागमन की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रिफ्लेक्टर, संकेत बोर्ड और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क हादसों में कमी लाना है। एसपी ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और अपनी व दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

प्रशासन का मानना है कि अवैध कट बंद होने और नियमित चेकिंग अभियान से न केवल हादसों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा, बल्कि हाईवे पर यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

# पांच दिन बाद भी गन्ना मिल हत्याकांड का आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गन्ना मिल के पक्का प्लाट में टोकन लेने को लेकर हुए विवाद में ट्रक चालक सलमान अली की हत्या के मामले में घटना के पांच दिन बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस द्वारा लगातार दबिश और तलाश अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नामजद आरोपी अजीम पुत्र यासीन निवासी ग्राम चकमहदूद सानी अब तक फरार चल रहा है।

ज्ञात हो कि गन्ना उतारने के लिए लगी ट्रकों की कतार के दौरान टोकन पहले लेने को लेकर दो चालकों के बीच कहासुनी हुई थी, जो अचानक हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान धारदार हथियार से किए गए हमले में सलमान अली की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिससे मिल परिसर में अफरा-तफरी फैल गई थी। घटना के बाद पहुंची पुलिस

## पुलिस की दबिश लगातार जारी

ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई जारी है।

उधर नगर में इस मामले को लेकर चर्चाएं भी बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था मजबूत रखने के लिए आरोपी व उसके परिजनों को पुलिस कार्रवाई में सहयोग करना चाहिए तथा आरोपी को कानून के हवाले कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

# नन्हे बच्चों ने खुदा की इबादत में रखा पहला रोजा, परिजनों में खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कस्बे के मौहल्ला मोलवियान में बच्चों के भीतर मजहबी उत्साह और खुदा के प्रति अकीदत का एक सुंदर मंजर देखने को मिला। यहां के निवासी सूफियान अब्दुल्ला (8 वर्ष) पुत्र मौहम्मद साबिर और अकशा नूर (9 वर्ष) पुत्री मौहम्मद जाकिर ने इस तपती धूप और गर्मी के बीच अपने जीवन का पहला रोजा रखा।

इतनी कम उम्र में पूरे दिन बिना कुछ खाए-पिए खुदा की इबादत करने पर परिवार और मोहल्ले के लोगों ने बच्चों की जमकर हौसला अफजाई की। शाम को इफ्तार के समय बच्चों को उनके मनपसंद पकवान खिलाए गए और परिजनों ने उन्हें दुआओं से नवाजा। बच्चों के परिजनों का कहना है कि नन्हे सूफियान और अकशा ने खुद रोजा रखने की जिद की थी। उनकी इस लगन को देखकर पूरा परिवार बेहद खुश है। रोजा खोलने के बाद बच्चों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

वाद सं. 167/2023

ब्रह्मपाल पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम मौ. नगर उर्फ जोगीपुरा, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**बनाम -वादी**

1/1-सरोज पत्नी जयराज सिंह पुत्री स्व. नन्दराम निवासी गौतमनगर काशीपुर, परगना व तहसील काशीपुर, जिला उद्यमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

1/2- सुनीता पत्नी विकास शर्मा पुत्री स्व. नन्दराम निवासी मकान नं. 3/4827 नील न्यू कॉलोनी, पेपर मिल रोड, सहारनपुर, परगना व तहसील व जिला सहारनपुर (उ.प्र.)

**प्रतिवादीगण**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत बैनामा मन्सूखी के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 26 माह 2 सन 2026 ई. बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताइये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मकजूर आप हाजिर न होंगे, जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 26.02.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**

### महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेष जोर

**नजीबाबाद।** चौक बाजार में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा की जानकारी देने के लिए पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अन्जुम सुल्तान पत्नी श्री अहमद अली निवासी मौहल्ला छज्जूपुरा, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद** जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. **3390/3A स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा में श्री तय्यब पुत्र जमील अहमद** के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामे की छाया प्रति संलग्न कर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्री तय्यब अहमद पुत्र श्री जमील अहमद निवासी मौहल्ला गोपालपुरा 880/2 रोहतक हरियाणा द्वारा श्रीमती अन्जुम सुल्ताना पत्नी श्री अहमद अली पुत्री श्री अ. रशीद नि. मौहल्ला छज्जूपुरा किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामें के अनुसार सम्पत्ति संख्या **3390/3A** स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा, कस्बा किरतपुर में श्री तय्यब पुत्र जमील अहमद के स्थान पर 61.84 वर्ग मीटर में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 3390/3A (61.84 वर्ग मी. आवासीय) स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा, किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**

# हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीती देर रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक मामूली रूप से घायल हो गया।

बीती रात्रि करीब 11:00 बजे मोटर साइकिल संख्या UP20N 7903 से महेंद्र सिंह पुत्र टेकचंद निवासी ग्राम आठवरीयो वाला उर्फ जफ्तानगर थाना रेहड़ तथा जयप्रकाश पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम देहलावाला थाना रेहड़, द्वारिकेश शुगर मिल जा रहे थे कि ओर जा रहे थे मोटर साइकिल महेंद्र सिंह चला रहे थे। बताया गया कि ग्राम मेघपुर राष्ट्रीय राजमार्ग सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के सामने स्थित पुल पर अचानक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। इसमें बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद शुगर मिल की एंबुलेंस की सहायता



से दोनों घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ लाया गया। चिकित्सकों ने महेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि जयप्रकाश को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी अफजलगढ़ पहुंच गए। मृतक के परिवार में को. हराम मच गया। थाना अध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट (बिजनौर)

-: ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना:-

पत्रांक:-720 /न.पा.परि.शेर./ई-निविदा/2025-26 दिनांक: 23.02.2026

ई-निविदा हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि 15वां आयोग की बुनियादी अनुदान की प्रथम किश्त से प्राप्त धनराशि व राज्य सेक्टर निधि (अन्तेयेष्ठी स्थल) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि नगर पालिका परिषद, शेरकोट जनपद-बिजनौर को, निदेशक स्थानीय निकाय उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-8/807/320 (6)/15 वि. आ./2025-26 लखनऊ, दिनांक-18.11.2025 एवं 3813/ नौ-7-2025-26 (ज/2020टी.सी. दिनांक-20.08.2025 के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त धनराशि से, यू.पी. इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड व नगर पालिका परिषद शेरकोट को पंजीकृत बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए नगर पालिका परिषद शेरकोट (बिजनौर) द्वारा 06.03.2026 की सायं 05:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक-07.03.2026 की प्रात: 10:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि ऑनलाईन निविदा खोलने की प्रक्रिया के समय उपस्थित रह सकते है। ऑन लाईन निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यावधिक चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, स्वघोषणा-पत्र, जी.एस.टी., पेनकार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र व श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (जिस पर कम से कम 05 श्रमिक हो) की स्कैन कॉपी, 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर.टी. जी.एस./एफ.डी.आर. की रसीद की स्कैन प्रति टेण्डर मूल्य की स्कैन प्रति ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दर, अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक-24.02.2026 से दिनांक-06.03.2026 समय सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म स्वामी अपनी निविदा दिनांक:- 06.03.2026 समय सायं 05.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन डाल सकते है। जिन ठेकेदार/फर्मों द्वारा तकनीकी बिड की शर्तों का पालन नहीं किया जायेगा उसकी वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender Referance | 15VITT/E-T-2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 24-02-2026 & 10:00AM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 06-03-2026 & 05:00PM |
| Date and time of Opening Tender | 07-03-2026 & 10:00AM |
| Place of Opening of E-Tender | Officer Nagar Palika Parishad Sherkot (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

लिपिक, न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) — अवर अभियंता (सिविल/जलकल), न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) — अधिशासी अधिकारी, न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) — अध्यक्ष, न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नूरपुर (बिजनौर)

पत्रांक:- 2101/न.पा.परि.नूर./2025-26 दिनांक:- 20/02/2026

**ई-टेण्डर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नूरपुर वित्तिय वर्ष 2025-26 हेतु 15वां वित्त आयोग वर्ष 2025-26 में निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किश्त अंकन-89,47,022=00 रुपये से विकास कार्य कराए जाने हेतु इच्छुक ठेकेदार/फर्मों से जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार ई-टेण्डर के माध्यम से अपलोड किए जाने हेतु दिनांक 21/02/2026 समय प्रात: 10-00 बजे से वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदायें शर्तों के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 21/02/2026 से दिनांक 13/03/2026 को सायं 03-00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। वेबसाईट पर डाउनलोड/ अपलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 13/03/2026 को सायं 03-00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते है। ई-टेण्डर दिनांक 13/03/2026 को सायं 04-00 बजे नियमानुसार खोले जाएंगे। टेण्डर एवं शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद नूरपुर में भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Referance Number | No. 2035 Dated- 19/02/2026 |
| Publish Date and time for RFP | 21-02-2026 को प्रात: 10:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 13-03-2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 13-03-2026 को सायं 04:00 बजे तक |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Noorpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

नोट:- (1) जमानत राशि एवं टेण्डर मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित आर.टी.जी.एस. के माध्यम से नगर पालिका परिषद नूरपुर के एच.डी.एफ.सी. बैंक नूरपुर के ई-टेण्डर व जमानत खाता संख्या- 50100727483458 व आई.एफ.एस.सी. कोड- HDFC0008421 में जमा की जा सकती है।

2. अन्य शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषर नूरपुर में देखी जा सकती है।

(अजय कुमार) अवर अभियन्ता (जल) — (सन्तोष कुमार मिश्र) अधिशासी अधिकारी — (डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह) अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद नूरपुर (बिजनौर)

# ब्यूटी पार्लर संचालिका के मकान में भीषण अग्निकांड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ब्यूटी पार्लर संचालिका के मकान में भयंकर आग लग गई। आग का पता धुंआ उठने के कारण चल सका। वीत्स रूप ले चुकी आग पर दमकल विभाग के दो वाहनों से काबू पाया गया। भीषण अग्निकांड में घर में रखा सारा सामान व जेवर और नकदी भी जलकर भस्म हो गयी।

**0अज्ञात कारणों से लगी आग में सबकुछ जलकर हुआ राख**

मौहल्ला हल्लू सराय निवासी प्रतिज्ञा रस्तोगी बाज़ार सब्जी मंडी स्थित मार्केट की दूसरीम जिल पर ब्यूटी पार्लर चलाती है। सोमवार को ब्यूटी पार्लर संचालिका है। गृह स्वामिनी सोमवार को अपनी ब्यूटी पार्लर पर गयी थी। मकान में कोई नहीं था। इसी बीच मकान में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे भयंकर रूप ले लिया। आग का पता आसपास के लोगों को धुआं निकलने पर चल सका। लोगों आग से मौहल्ले में हड़कम्प मच गया। जबकि आग ने आसपपास के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ने इसकी सूचना ग्रह स्वामिनी को दी। आनन-फानन में ग्रह स्वामिनी अपने घर पर पहुंची तो मकान के तीनों कमरे आग की लपटो से घिरे हुए थे जबकि उनमें रखा सामान धूं-धूं कर जल रहा था। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जबकि जानकारी मिलने पर अग्निशम दस्ता दमकल वाहनों के साथ मौके पर आ गया। एक वाहन से आग बेकाबू होते देख दूसरे वाहन को भी आग पर काबू पाने के लिए बुलाया गया। दो वाहनों पर तैनत कर्मचारियों ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे के अथक प्रयासों के बाद आग पर जब तक काबू पाया गया तब तक कमरों में रखा सारा सामान और अल्मारी में रखा जेवर और नकदी आग में भस्म हो चुका था। अग्निकांड में सारा सामान रख देख ग्रह स्वामिनी बुरी तरह बिलख पड़ी। ब्यूटी पार्लर संचालिका का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। आग कैसे और कब लगी वह स्वयं नहीं जानती है।लेकिन आग में उसके अब तक की कमाई राख बन गयी।



सम्भल। घर में लगी आग में सबकुछ स्वाह होने पर बिलख्ती ग्रह स्वामिनी व जला हुआ दो मंजिला मकान।

# रोज़ेदारों को एक नेकी का 70 गुना मिल रहा सवाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** रमजान में बाजारों में रौनक बबराला माह-ए-रमजान में रोजेदार बंदों को सवाब कमाने का भरपूर मौका मिल रहा है। एक नेकी का 70 गुना सवाब मिल रहा है। ऐसे में रोजेदार एक साथ तीन फर्ज अदाकर सवाब से मालामाल हो रहे हैं। नमाज पढ़ने के साथ रोजा भी रख रहे हैं। वहीं, जो मालिके निसाब हैं वह जकात भी अदा कर रहे हैं।

रोजेदारों ने रमजान का पांचवा दिन सोमवार अल्लाह की रजा में गुजारा। भूख प्यास के बीच रोजेदारों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया। रोजा रखने के साथ रात में तरावीह की नमाज अदा कर अल्लाह को राजी करने में लगे हुए हैं। मुकददस किताब की तिलावत जारी है। मस्जिदों की सफें नौजवानों, बुजुर्गों

**0रमजान में बाजारों मे रौनक**

व बच्चों से भरी नजर आ रही हैं। घरों में महिलाएं इबादत के साथ किचन की जिम्मेदारियां उठा रही हैं। बाजारों में चहल-पहल है। हर तरफ रमजान का फैजान जारी है। शकील अहमद व निहाल सलमानी ने बताया कि रोजे से गफलत दूर होती है। इसलिए बंदा अल्लाह का करीबी हो जाता है। हदीस शरीफ में है कि रमजान और कुरआन रोजेदार की शफाअत करेंगे। अल्लाह तआला ने फरमाया कि बंदा रोजा मेरे लिए रखता है और उसकी जज़ा मैं दूंगा। बंदा अपनी ख्वाहिश और खाने को मेरी वजह से छोड़ता है। रोजेदार के लिए दो खुशियां हैं एक इफ्तार के वक्त और एक अल्लाह से मिलने के वक्त। रोजा रखने से बंदा अल्लाह का करीबी बन जाता है। सहरी करना पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत है लिहाजा सहरी जरूर करें। गुन्नौर के बाजारों में शाम के वकत रौनक नजर आती है। रोड पर सजी रोजेदारों के लिऐ दुकानों पर खूब भीड़ नजर आती है।

# उन्नत पैकेजिंग और मार्केटिंग से बढ़ेगा कृषि निर्यात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से हैदराबाद स्थित नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा आयोजित यह निर्यात प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट 16 से 20 फरवरी तक चली। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुरादाबाद, सहारनपुर और मेरठ मंडल के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कृषि विपणन विभाग के निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश के किसानों, एफपीओ और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सक्षम बनाना है। जनपद संभल से सीएससी सरसी यूपी एग्रीकल्चर फार्मर प्रोडयूसर कंपनी के सीईओ मोहम्मद फहीम ने इस सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने विशेषज्ञों से निर्यात की जटिलताओं और उसमें सुधार के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया।गुणवत्तापूर्ण उत्पादन/अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार फसल तैयार करना। बेहतर पैकेजिंग उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने और उन्हें आकर्षक बनाने के लिए आधुनिक पैकेजिंग तकनीक। प्रभावी मार्केटिंग वैश्विक स्तर पर उत्पादों की ब्रांडिंग और सही बाजार का चयन। विशेषज्ञों ने साझा किया कि यदि हम बेहतर पैकेजिंग और रणनीतिक मार्केटिंग को अपनाते हैं, तो भारतीय ख्रषि उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खरे उतरेंगे। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अपार संभावनाएं' अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कृषि निर्यात के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं मौजूद हैं। इस प्रशिक्षण से लौटे प्रतिनिधि अब स्थानीय स्तर पर अन्य किसानों और उत्पादकों को जागरूक करेंगे, ताकि प्रदेश का कृषि निर्यात एक नई ऊंचाई छू सके।



असमोली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में एड्स रोकथाम को प्रशिक्षण देते।

# हाई स्कूल की पहली पाली में 1559 ने छोड़ी परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाणं निरंतर जारी है। जिले के परीक्षा केन्द्रों पर चल रही हाई सकूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1566 ने परीक्षा छोड़ी।

**0इंटरमीडिएट की परीक्षा में सात हुए गैर हाजिर, नकल विहीन परीक्षा को किए गए व्यापक इंतेजाम**

उत्तर प्रदेश माध्यमि शिक्षा परिषण द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जिले भर में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर करायी गयी। कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द के मुख्य गेट पर जांच के बाद अंदर प्रवेश करने दिया गया। जबकि परीक्षा कक्षों में भी गहन निगरानी रखी गयी। परीक्षा समय होते ही परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया। नकल विहीन परीक्षा कराने को कड़े इंतेजाम किए गए। परीक्षा केन्द्रों के बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने को जहां पुलिस मौजूद रही,वही कक्षों के भीतर सी सी टीवी कैमरों के अलावा कक्षों में निरीक्षण परीक्षार्थियों पर निगाह रखे रहे। इसके अलावा समय-समय पर परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए सचल दल ने भी कक्षों में जाकर निरीक्षण किया और नकल विहीन परीक्षा का जायजा लिया। इस दौरान हाई स्कूल के अेंग्रजी विषय की परीक्षा के लिए 27670 परीक्षार्थियों को पंजीकृत थे लेकिन इनमें से केवल 26111 ही परीक्षा में सम्मलित हुए जबकि 1559 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिढट की परीक्षा के लिए 160 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था लेकिन इनमें 153 ही परीक्षा देने पहुंचे जबकि 07 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। मंगवार को बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी। इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में 14239 में 13521 ने परीक्षा दी। 718 अनुपस्थित रहे।

# कुरीतियों ओर जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ गाडगे जी ने आवाज उठायी

**0जयंती पर सपाइयों ने आदर्शों को अपनाने पर दिया बल**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके आर्दशों को अपनाने पर बल दिया।

भरतरा चुंगी स्थित उमेश चंद्र दिवाकर परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विधायक एवं पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर मार्ल्यापण कर जिला अधयक्ष असगर अली अंसारी ने उनके जीवन और कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गाडगे महाराज एक महान समाज सुधारक, संत और भिक्षु थे जिन्होंने गोर गरीब, दीन दलित लोगों के बीच अज्ञान, अंधश्रृद्वा और अस्वच्छता को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज ने समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव के



सम्भल-संत गाडगे महाराज की जयंती पर एकजुटता का प्रदर्शन करीते समाजवादी पार्टी के नेता।

खिलाफ आवाज उठाई थी। गाडगे महाराज ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जैसे कि धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय और छात्रवासों का निर्माण कराया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज ने लोगों को स्वच्छता और शिक्षा का महत्व समझाया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और लोगों को प्रेरित करती हैं। भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में आए नेता उमेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर लोग उनके जीवन और कार्यों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वे समाजवादी पार्टी में शामिल होकर दलित, पिछड़े, अत पिछड़े, अल्पसंख्यक और सभी के साथ काम करने का सम्मान और मौका मिलेगा। कार्यक्रम में उमेश चद दिवाकर विमलेश कुमारी बलवत सिंह अशोक यादव शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष स्वराज सिंह दिवाकर मन्नू सिंह दिवाकर शोभित कुमार काका ओमप्रकाश प्रजापति संजीव यादव उमेश यादव ताहिर उल्ला खान पूरनलाल मौर्य हरीश चद आर्य फैजान शाही अशोक राणा सुनीता यादव शारदा यादव मानकौर रवि दिवाकर भारत सिंह यादव संजय मदन ठाकुर उदयवीर सिंह सुनील खड़गवंशी अमरीश यादव कुमारपाल यादव ओंकार सिंह दिवाकर मनोज शर्मा लोकेश यादव आकाश शंखधार प्रतीक नानू अंश बरनवाल डा. हंसराज रिंकू चौहान अन्ना जाकी उमेश यादव एसपी बिलाल रघुनंदन यादव मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# जागरूकता से ही है गम्भीर बीमारी एडस पर नियंत्रण सम्भव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एच. आई.वी (एड्स) पर ब्लॉक स्तरिये प्रशिक्षण कार्यशाला का अयोजन किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र असमोली के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण (कार्यशाला) का आयोजन दो सत्र में मुख्य रूप से डा. अनुज एम ओ ,आकाश एआरओ, वैभव गुप्ता काउंसलर), मतिन, आशुतोष शर्मा की मौजूदगी में किया गया। बैठक में आए सभी अध्यापक, आशा, एनएम, आंगनबाड़ी सहायिका आदि को एचआईवी/एड्स के लिए जागरूक किया गया। जिसमे एच आई वी के चार प्रमुख कारणों के बारे में बताया गया, और सभी सरकारी केन्द्रों पर निशुल्क जांच, नि:शुल्क दवाई के बारे में बताया गया। जबकि समय समय पर सबको अपनी एचआईवी जाँच करने के लिए प्रेरित किया गया।इसके अलावा अपने अपने संस्थानों में जागरूक करने को भी प्रेरित किया गया।

**0शिक्षक, आंगनबाड़ी, एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण**

डा. अनुज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए और हर व्यक्ति जागरूक बने। जब हम जागरूक होंगे, तभी एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण संभव है।

## देर रात तक खुलने लगे बाजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रमजान के पांचवे दिन बाज़ारों में जहां दिन में अधिक भीड़ है वहीं देर रात तक बाज़ार में दुकानें खुलने लगी है। कपड़ा दुकानों पर विशेषकर अधिक भीड़ नजर आने लगी है। जबकि रेडीमेड गारमेंट की दुकानों पर भी देर रात्रि तक खरीददारी की जा रही है। वहीं महिलाएं भी बाजार में खरीदारी को पहुंच रहे ही है।

# बाल विवाह में शामिल होने वाले हलवाई और नाई को भी हो सकती है सज़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ चल रहा अभियान गॉव-गॉव जारी है। अभियान में ग्रामीणों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलायी गयी।

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी में लगातार अभियान चला रहे है। सोमवार को अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रयत्न संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से ग्राम नासरपुर में ग्राम प्रधान सुंदर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली। इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। लोगों को बाल अपराधों की जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी संबंधित नंबरोंपर दें। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी।अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के के विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वालों दो साल की सजा और एक लाख का जुर्माना हो सकता है।

# आत्म रक्षा के लिए बेटियों को प्रशिक्षण जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी श्रष्टि ने छात्राओं को टर्निंग किक, साइड किक, कट पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं बड़ी ही लगन से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं तथा दिन प्रतिदिन खुद को मजबूत महसूस कर रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# रॉयल्टी किसी ओर की खनन किया जा रहा दूसरे खेत से

**0खनन निरीक्षक ने मौके से पकड़ा कागज दिखाने पर रास्ते से छोड़ी**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** रॉयल्टी वाले खेत से अलग अवैध खनन किया जा रहा था। सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक ने मौके पर जे सी बी को बरामद कर लिया। थाने ले जाते कागज दिखाने के बाद छोड़ दिया गया।

जानकारी के अेनुसार बताया जा रहा है की जेसीबी मशीन से मिटटी खुदाई का काम चल रहा था जो की मतावाली पटटी के एक-ईट भटटे के लिए मिटटी खुदाई कर रही थी। जिसको मौके पर पकड़ लिया गया। उसके कुछ कागजात उस समय नहीं थे। बताया गया कि भटेट की रायल्टी जमा है इसके बाद रॉयल्टी चेक की गई तो जिस खेत से मिटटी की खुदाई की जा रही थी। उस खेत की गाटा



असमोली- रॉयल्टी से दूसरे खेत में खनन करती पकड़ी गई जे सी बी।

संख्या की रॉयल्टी पर कहीं नहीं था। उसके बाद जेसीबी को लेकर थाने जाने लगे कभी भटटा स्वामी ने कहा इसका स्टांप हमारे पास है। जिस पर गटा संख्या लिखा है बीच रास्ते में पहुंचे खनन निरीक्षक ने जेसीबी मशीन को छोड़ दिया। जब इस संबंध में खनन निरीक्षक शिवम कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि एक जेसीबी मशीन पकड़ी थी। जिसके पास मौके पर कागज नहीं थे लेकिन बाद में थाने लेकर जा रहे थे तो रास्ते में वह कागज लेकर आ गया उसने कागज दिखाएं जिसके बाद उसको छोड़ दिया गया है।

## एक नज़र इधर भी

### आरएसएस जिला सम्पर्क प्रमुख को पितृ शोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला संपर्क प्रमुख जगदीप वार्ष्णेय के पिता दुर्गा प्रसाद का हृदयाघात से निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका निधन बबराला कस्बा स्थित राजघाट रोड इंद्रा चौक स्थित उनके आवास पर हुआ। दुर्गा प्रसाद वार्ष्णेय के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया संघ के जिला प्रचारक दीपक जिला कायवाह डा. राजकुमार वैदिक जिला शारीरिक शिक्षा प्रमुख हरि गोविंद खंड कार्यवाह श्रृषभ नगर पंचायत बीजेपी चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय और व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सम्भली सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। जगदीप वार्ष्णेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता का अन्तिम संस्कार राजघाट गंगा घाट पर हुआ।

### मेडिकल व्यवसायी की पत्नी के निधन पर शोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर के मेडिकल व्यवसायी अजय अग्रवाल की पत्नी का बीमारी के इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर मेडिकल व्यवसायी व लोगों ने शोक व्यक्त किया। नगर गुन्नौर के मेडिकल व्यवसायी, डाक्टर व अन्य लोगों ने उनके आवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में धर्मेंद्र कुमार, सौरभ, कुमोद वार्ष्णेय, अजीव, सोनू, अंकुर अग्रवाल, एके शर्मा, प्रशांत वार्ष्णेय, संदीप, वीरेंद्र आदि रहे।

### सैदपुर गंगू के दक्ष ने दुबई में बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल पुत्र परवीन चाहल (बीनू) ने दुबई में आयोजित इंडोर रोइंग चुनौती में इंग्लैंड के खिलाड़ी का रिकार्ड तोड़कर लगातार 84 घंटे तक रोइंग कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। जानकारी के अनुसार,दक्ष चाहल ने अत्यधिक शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति का परिचय देते हुए निर्धारित समय से भी अधिक अवधि तक इंडोर रोइंग मशीन पर निरंतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान चिकित्सकीय निगरानी,ऊर्जा प्रबंधन और विश्राम के सख्त नियमों का पालन किया गया। आधिकारिक मानकों के अनुरूप प्रदर्शन की रिकार्डिंग और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके नाम यह कीर्तिमान दर्ज किया गया। दक्ष की इस सफलता पर उनके परिवार,गांव और पूरे सम्भल जनपद में उत्साह का माहौल है। ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल के चाचा सरजीत सिंह चाहल ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। परिजनों ने कहा कि कठिन परिश्रम,अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल हुआ है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने भी दक्ष को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। इंडोर रोइंग एक उच्च सहनशक्ति वाला खेल है,जिसमें खिलाड़ी को लंबे समय तक निरंतर गति और ताल बनाए रखनी होती है। 84 घंटे का यह प्रदर्शन न केवल शारीरिक क्षमता,बल्कि मानसिक दृढ़ता का भी प्रमाण माना जा रहा है।

# दस बड़े बकायदारों से शत-प्रतिशत वसूली करने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कर करेत्तर/न्यायालय राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा आदि राजस्व संबंधी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक में सही वसूली कार्य करने वाले दस अमीनों को सम्मानित किया गया जबकि दस बड़े बकायदारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रैट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद में वसूली का कार्य सही करने पर 10 अमीनों को प्रशस्ति पत्र देकर अपर जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह ने कहा कि पंचायत विभाग की आरसी वसूली में संबंधित तहसील की अमीनो के द्वारा शत



प्रतिशत वसूली की जाएगी तो उनको सम्मानित करेंगे। सीएम डैशबोर्ड पर स्टाम्प निबंधन,आबकारी,वाहन कर वानिकी, खनन ,जीएसटी, विद्युत आदि के लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति को लेकर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यापार कर की आर सी वसूली, स्टाम्प देय, खनन, आबकारी विद्युत आदि की आरसी वसूली को लेकर जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कम आर सी वसूली को लेकर कहा कि शत प्रतिशत आरसी वसूली का कार्य किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने एमओयू मॉनिटरिंग, जीबीसी, डिजि शक्ति, मंडी आय औषधि विक्रय लाईसेंस, अमृत 2, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, सम्पत्ति नामांतरण, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, ई-खसरा, एंटी भूमाफिया, कुर्रा बटवारा, नामांतरण (धारा-116) , पैमाइश धारा 24 को लेकर चर्चा की। आरसी की नीलामी की कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे आरसी वसूली की जा सके। प्रवर्तन कार्यों को लेकर समीक्षा की गयी। आबकारी विभाग की कार्रवाइयों को लेकर अपर जिलाधिकारी में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जीएसटी विभाग से भटटों को लेकर दिशा निर्देशित किया। परिवहन विभाग से ओवरलोड वाहनों को लेकर जानकारी ली। श्रम विभाग की कार्रवाइयों को लेकर जानकारी लेकर आर सी वसूली को भी निर्देशित किया। बाट माप विभाग के कार्रवाइयों की जानकारी लेकर उन्होंने कहा कि जनपद में वाट माप को लेकर शतप्रतिशत निरीक्षण किए जाएं। औषधि निरीक्षक से लाइसेंस की जानकारी लेकर जनपद में कार्यवाही सही ढंग से करने को निर्देशित किया। साथ ही मंडी आवक, खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला औषधि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कोई भी लाइसेंस लंबित न रहने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी में आगामी त्यौहार होली के मददेनजर जनपद में अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं पनीर, अवैध मावा,अवैध रूप से बनाए जा रहे दूध तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों को लेकर छापामारी करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 10 बड़े बकायादारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाए। साथ ही समस्त विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने के निर्देश दिए एवं जानकारी ली। जिसमें प्रगति रिपोर्ट लक्ष्य के सापेक्ष सही मिली।

**खोया पाया**

मेरा एक बैनामा दिनांक 7. 4. 1995, पुस्तक सं. 1, जिल्द 861, क्रम सं. 327/346 पर क्रम सं. 2362 जो कि मंजू सोनी के नाम पर दर्ज है, जबकि दूसरा बैनामा दि.29.08.2011 वही सं. 1, जिल्द सं.-8328 पृष्ठ सं.1से 22 पर क्रम सं. 12039 सत्य प्रकाश व विनय शुक्ला मुरादाबाद मुहल्ला सियोरा गोविंदनगर के नाम है। दोनों बैनामों के मूल पृष्ठ 9 व 10 कहीं गिर गए है।
**निशिका पत्नी दीपक शर्मा**
निवासी ग्राम शरीफपुर तह. व जिला सम्भल।

## आमने-सामने से टकराई बाइकें चार हुए घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में रविवार की देर शाम दो बाइक सवार आमने-सामने से टकरा गये जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है। रविवार की शाम महीपाल निवासी शाहपुर देव थाना शाहबाद बाइक से अपनी ससुराल पैगारफातपुर जा रहे थे, तभी रीठ गांव में सामने से आ रहे बाइक सवार जयपाल निवासी रीठ ने टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर से जयपाल निवासी रीठ तथा महीपाल एवं पीछे बैठी काजल व वन्दना घायल हो गईं।तथा दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों का उपचार हेतु मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया है।

# अमृत योजना की पाइप लाइन बनी मुसीबत करोड़ों खर्च के बाद भी सड़कों पर बह रहा पानी

**चन्दौसी।** 'जल है तो कल है' के उद्देश्य से अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिषद द्वारा नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए। योजना के तहत अंग्रेजों के समय की पुरानी पाइपलाइन को हटाकर नई प्लास्टिक पाइपलाइन डाली गई और ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया, जिससे लोगों को उम्मीद जगी कि अब उन्हें नियमित और स्वच्छ जल आपूर्ति मिल सकेगी। नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत से ठेकेदार द्वारा ओवरहेड टैंक और नई पाइपलाइन बिछाकर घर-घर जल पहुंचाने की व्यवस्था की गई लेकिन जब ठेकेदार द्वारा जल आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू की गई तो योजना की खामियां सामने आने लगीं। शहर के अधिकांश स्थानों पर पाइपलाइन कनेक्शन जल दबाव को सहन नहीं कर सके और जगह-जगह से पाइपलाइन चोक होने तथा लीकेज की समस्या



उत्पन्न हो गई। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर अकुशल श्रमिकों द्वारा पाइपलाइन कनेक्शन किए जाने के कारण यह समस्या और अधिक बढ़ गई है। पाइपलाइन लीकेज के कारण शहर में हाल ही में बनाई गई सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लाखों रुपये की लागत से बनाई गई हॉटमिक्स सड़कों पर जगह-जगह दरारें आ गई हैं और कई स्थानों पर सड़कें धंस गई हैं। नवनिर्मित सड़कों के नीचे से गुजर रही पाइपलाइन से लगातार हो रहे जल रिसाव के कारण सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। यदि शक्तिनगर क्षेत्र की बात करें तो यहां नई और चौड़ी सड़क के निर्माण पर विशेष रूप से अधिक धनराशि खर्च की गई थी। सड़क के दोनों ओर प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइटें भी लगाई गईं, लेकिन सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न होने और पाइपलाइन लीकेज के कारण यह सड़क एक वर्ष भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह सकी। कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका द्वारा रामबाग रोड, सेमरटोला रोड, एसबीआई रोड, स्टेशन रोड, रामस्वरूप रोड, मालगोदाम रोड और बदायूं चुंगी तक सड़कों का निर्माण कराया गया था। इन सड़कों के निर्माण में लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद इन सड़कों पर दरारें पड़ने लगीं और कई स्थानों पर सड़क उखड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमृत योजना के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइन से हो रहे जल रिसाव ने सड़कों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर पानी बहता देखा जा सकता है। पाइपलाइन लीकेज की समस्या के कारण न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि सड़कों की गुणवत्ता और योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि इस पाइपलाइन का मुद्दा विधानसभा में भी उठ चुका है, जिससे योजना के क्रियान्वयन और गुणवत्ता को लेकर गंभीर प्रश्न सामने आए हैं। नगरवासियों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या का जल्द समाधान कराया जाए तथा दोषी ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि करोड़ों रुपये की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ वास्तव में जनता तक पहुंच सके।

## एक नजर

### अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के गठन से शिक्षकों को न्याय मिलने की उम्मीद: विरेन्द्र



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन ( ।प्च्ज्थ् ) के नेतृत्व में TET अनिवार्यता के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन और संघर्ष के लिए उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षक संगठन लखनऊ में एकजुट हुए और संयुक्त मीटिंग करके ।प्च्ज्थ् के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय की अगुआई में संघर्ष करने को सहमत हुए

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, अटेवा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, बीटीसी शिक्षक एसोसिएशन, बेसिक शिक्षा एससी एसटी शिक्षक महासंघ, ज्ञ्ब्ज् सहित अन्य संगठनों ने एकजुट होकर संघर्ष करने का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व छजलेट के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने संयुक्त शिक्षक महासंघ गठन पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि सभी संगठनों के एक साथ आने से टीईटी अनिवार्यता को समाप्त कराने के लिए आंदोलन को मजबूती मिलेगी और आंदोलन जोरदार तरीके से चलाया जाएगा।

### होली और ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक



कांठ(शाह टाइम्स) होली और ईद के त्यौहार को लेकर आज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने नगर के लोगों से दोनों पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने की अपील की त्यौहार में आने वाली समस्याओं के बारे में भी उन्होंने लोगों से जाना और कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वह उनसे फोन पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा हर बार की तरह इस बार भी सभी लोग दोनों पर्व को आपसी सौहार्द और प्रेम के साथ मनाएं। होली पर किसी के ऊपर अनावश्यक रूप से रंग ना डालें कोई ऐसा काम ना करें कि किसी दूसरे वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचे नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने अधिकारियों को ईद और होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने का भरोसा दिलाया। कहां की यहां की गंगा जमुनी तहजीब के चलते सारे त्यौहार शांतिपूर्वक प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं। इस मौके पर नगर के गणमान्य सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान पंचायत सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम अल्हैदादपुर देवा में नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला 17 फरवरी 2026 की सुबह करीब 11 बजे का बताया गया है, जिसकी सूचना 19 फरवरी की शाम पुलिस को दी गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) व 64(1), पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(ट) के तहत कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ शाहिद (उम्र करीब 21 वर्ष), निवासी फैजगंज बेहटा जनपद बदायूँ को 22 फरवरी 2026 की रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में संवेदनशीलता बनाए रखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है। यह मामला मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र का है।


### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** थाना बिलारी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 फरवरी 2026 की रात बहादुर के धर्मकांटा के पास हमजापुर-करसरा रोड पर की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी धारा सिंह (उम्र करीब 35 वर्ष), निवासी ग्राम करसरा थाना बिलारी को मौके से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 16 पाउच "इंडियन टाइगर" ब्रांड की देशी शराब (मसाला) अवैध रूप से बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्रवाई मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में की गई।

### उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान से सम्मानित हुआ रानी प्रीतम कुंवर स्कूल

**बिलारी।** लखनऊ में आयोजित "उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान" समारोह में श्रेष्ठ विद्यालयों की श्रेणी में रानी प्रीतम कुंवर स्कूल का चयन किया गया। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना दयाल को उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य, बेहतर परिणाम और समर्पित शिक्षण व्यवस्था के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा।

स्कूल के समस्त अध्यापकों एवं स्टाफ ने उपमुख्यमंत्री द्वारा मिले इस सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए इसे पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरणा का कार्य।




## महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत सोमवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई संत गाडगे महाराज की जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी द्वारा सिविल लाइन्स स्थित पार्टी कार्यालय पर सोमवार को संत गाडगे जयंती सादगी और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज केवल स्वच्छता अभियान के प्रतीक नहीं थे, बल्कि वह सामाजिक समानता और मानवता के सच्चे प्रणेता थे। उनका मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, भेदभाव और अंधविश्वास को समाप्त कर शिक्षा और स्वच्छता का संदेश देना था। उन्होंने अपने जीवनकाल में दलितों, गरीबों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज




के समय में संत गाडगे के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। समाज को स्वच्छता के साथ-साथ मान. सिक और सामाजिक शुद्धता की भी आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बाबा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं।इस अवसर पर महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, वेदप्रकाश सैनी, आशकार पाशा, ब्रजलाल जाटव, दिलप्रीत सिंह, नागभारती, लुकमान खान, योगेंद्र यादव, क्यामुद्दीन सैफी, मोहन यादव, बालकिशन शर्मा, शंकर लाल सैनी, सरदार पाल, राजीव विश्नोई, सर्वेश प्रजापति, विनय प्रसाद, रोहित कुमार सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत गाडगे महाराज के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

# फ्रयूचर स्किल प्राइम सरीखी पहल वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी में महत्वपूर्णः वीसी

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मिनिस्ट्री ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वावधान में नासकॉम के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम पर ओरिएंटेशन सत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, यह कौशल-आधारित शिक्षा का युग है। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ उद्योग की मांग के अनुरूप कौशल विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए फ्यूचर स्किल प्राइम सरीखी पहल स्टुडेंट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने निरंतर सीखने की मानसिकता अपनाने और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए स्वयं को अपडेट रखने की प्रेरणा दी। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मिनिस्ट्री ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वावधान में नासकॉम के सहयोग से फ्यूचर स्किल प्राइम पर आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कुलपति प्रो. वीके जैन, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, नासकॉम के कस्टमर सक्सेस श्री अंकित सिन्हा, इंस्टेलिंग डॉट एआई के






फाउंडर एवम् सीईओ श्री जुबैर चौधरी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके सीसीएस आईटी के लेक्चर थिएटर-6 में ओरिएंटेशन सत्र का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। रिसोर्स पर्सन नासकॉम के कस्टमर सक्सेस अंकित सिन्हा ने फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, यह पहल स्टुडेंट्स को उद्योग के मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम, प्रमाणन और रोजगार अवसर प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के जरिए सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थान एक साझा मंच पर आकर कौशल विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को डिजिटल लर्निंग के महत्व, स्व-प्रेरित अध्ययन और उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। इंस्टेलिंग डॉट एआई के फाउंडर एवम् सीईओ जुबैर चौधरी ने स्टुडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई आधारित भर्ती प्रक्रियाओं और डिजिटल जॉब मार्केट के बदलते स्वरूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया, वर्तमान समय में कंपनियां डेटा आधारित निर्णय लेने पर अधिक ध्यान दे रही हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को सलाह दी कि वे तकनीकी कौशल के साथ अपनी विश्लेषणात्मक सोच, संचार क्षमता और समस्या समाधान कौशल को मजबूत बनाएं। उन्होंने अपने स्टार्टअप अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीटीएलडी के निद. ेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, टीएमयू सदैव स्टुडेंट्स को उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म स्टुडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और अन्य उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों से ऐसे प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करने और अपने करियर विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किय प्रश्नोत्तर सत्र में स्टुडेंट्स ने फ्यूचर स्किल प्राइम प्लेटफॉर्म पर प्रमाणन प्राप्त करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, एआई और डेटा साइंस में करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशलों की आवश्यकता, उद्योग में चयन प्रक्रिया में सहायक व्यवहारिक गुणों को लेकर प्रश्न पूछे। संसाधन व्यक्तियों ने सभी प्रश्नों के व्यावहारिक और विस्तृत उत्तर दिए। सीटीएलडी के डॉ. दिलीप दत्त वर्ष्णेय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संच. ालन सुश्री अन्वेषा सिसोदिया ने किया।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र अमित पुत्र श्री अनिल सिंह व पुत्रवधू श्रीमती प्रगति पत्नी अमित को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**अनिल सिंह पुत्र श्री जगमेहर सिंह व श्रीमती सविता पत्नी श्री अनिल सिंह निवासीगण 12/72, 23वीं पीएसी थाना सिविल लाइन तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# एसडीएम की मध्यस्थता से तहसील में त्रिपक्षीय वार्ता का हुआ आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एसडीएम संतदास पवार की मध्यस्थता से आज शुगर मिल एवं बिजली विभाग के अधिकारी और भारतीय किसान यूनियन के बीच 3 पक्षीय वार्ता का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन ने गन्ने से संबंधित गन्ना पर्ची 20 कुंतल से 27 कुंतल तौले जाने, गन्ना बीज समय पर उपलब्ध कराने, किसान हित को देखते हुए अच्छी पैदावार के गन्ने को सामान्य या रिजेक्ट में ना बताए जाने एवं गन्ना भुगतान में और तेजी लाए जाने से संबंधित वार्ता की गई। जिसका गन्ना मिल के अधिकारियों ने जवाब दिया और कहा कि इन समस्याओं को मिलकर उच्च अधिकारियों से वार्ता करके समाधान करने का प्रयास किया जाएगा बिजली विभाग की परेशानियों को लेकर किए गए सवालों के एसडीओ ने जवाब दिए उन्होंने कहा कि किसानो की जो मांगे उनके बस की है उन्हें वह तुरंत पूरा करने का काम करेंगे लेकिन जो मांगे उच्च अधिकारियो के स्तर की है उन मांगों के




निस्तारण के लिए अधिकारियों को लिखा जाएगा।

बैठक में कांठ नगर से निकलने वाले पानी की निकासी की व्यवस्था करने की मांग भारतीय किसान ने उठाई उन्होंने कहा कि काफी समय से इस मांग को लेकर वार्ता की जा रही है लेकिन इससे आगे कोई काम नहीं किया गया नगर पंचायत से आए अमित बिश्नोई ने बताया कि जल निकासी के लिए जल निगम द्वारा 38 करोड रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिसके पास होते ही जल निकासी की समस्या स्थाई रूप से दूर हो जाएगी लेकिन इस समय रुके हुए पानी को प्रशासन यदि निकलवाता है तो किसानों की जमीन को जलमग्न होने से बचाया भी जा सकता है। एसडीएम ने इस संबंध में अपने स्तर से उचित कार्रवाई अमल में लाए जाने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर गन्ना विभाग से एससीडीआई बिजली विभाग से एसडीओ गन्ना शुगर मिल के प्रतिनिधि एवं किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह हरदीप सिंह दर्शन सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अंगद चौधरी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शकील खान व उसकी पत्नी को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**गौहर खान पुत्र अली मोहम्मद निवासी सलेमपुर, तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र योगेश कुमार एवं पुत्रवधु रीनू देवी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से हमारा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**जबर सिंह पुत्र रामसरन सिंह व महेंदी देवी पत्नी जबर सिंह निवासी ग्राम खतापुर ( लाडलाबाद ), तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सहसपुरी वि०ख०, डिलारी ( मुरादाबाद )**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 23.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-डिलारी की ग्राम पंचायत सहसपुरी में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.03.2026 की दोपहर 12.00 बजे आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है या देखी जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्लन आदि किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी। जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतराम के घर से मेन रोड तक नाली, मिट्टी सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, बजरफुट, रेता, ईट,सीसी टाईल्स आदि | 374697.00 | 250.00 | 7495 | 2 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सहसपुरी, वि० ख० डिलारी, मुरादाबाद**

# नगरपालिका बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी प्रस्तावों पर लगी मोहर

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका की बोर्ड बैठक पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पालिका सभासदों ने सभी प्रस्तावों पर अपनी मोहर लगा दी। सोमवार को नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका अधिशासी अधिकारी रंजनी सिंह ने नगर में विकास कार्यो को गति देने के लिए विचार रखे। इसमें राजस्व ग्राम ठाकुरद्वारा के गांटा 736 रकबा 6.53 एकड़ भूमि ठाकुरद्वारा के राजस्व अधिकारियों/ कर्मचारी के आवासीय निर्माण हेतू किए जाने , गांटा संख्या 74 दीगर बंजर भूमि पर बनी दुकानों की मरम्मत व प्रीमियम नीलाम किए



जाने , भारत सरकार के अमृत 2.0 के अंतर्गत नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा के विनियमित क्षेत्रो की महा योजना तैयार किए जाने के संबंध में शासन द्वारा नामित नोड विभाग नगर व ग्राम नियोजन विभाग को कन्सलटेंड चयन हेतू एजेंसी नामित किए जाने , नगरपालिका परिषठ मान उपविधि , 2025 किये जाने की स्कृति , वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत सोलिडत वेस्ट मैनेजमेंटर रूल्स 2016 के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन , सेग्रीगेशन, प्राईमरी स्वीपिंग, नाली/नाला सफाई फांगिग, सेनिटाईजेशन , एंटी लार्वा कंम्पोस्टिंग, ब्लीचिंग, चूना, वर्दी , सफाई उपकरण वाहन, सर्विसिंग रिपोयरिंग आदि डीजल व्यय , एम,आर,एफ , सेंटर के संचालन का कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से ठेके पर किए जाने सहित अन्य प्रस्तावों द्वारा विकास कार्य किए जाने पर सभासदों ने मोहर लगा दी है। इस मौके पर सलीम सैफी, बसीम सैफी, साहिल खान, मुबीरर्हमान, नफीस अंसारी, उमेश गुप्ता सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## तेंदुआ आने से ग्रामीणों के दिलो में दहशत, वन विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा तेंदुआ

**ठाकुरद्वारा।** काशीपुर-ठाकुरद्वारा हाईवे पर स्थित पशुपति एक्रीलोन फैक्ट्री में पिछले कई दिनों से मंडरा रहा खतरा अब टल गया है। दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया है।मुरादाबाद ठाकुरद्वारा हाईवे स्थित एक फैक्ट्री परिसर में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मूवमेंट देखी जा रही थी, जिससे कर्मचारी और आसपास के ग्रामीण खौफ में थे। वन विभाग ने मुस्तैदी दिखाते हुए परिसर में पिंजरा लगाया, जिसमें रविवार को यह तेंदुआ फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल वन विभाग के अधिकारी तेंदुए की जांच कर रहे हैं और उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद इसे सुरक्षित रूप से घने जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

# मानव जीवन संघर्ष और सकारात्मकता का अनमोल संगम: नरेश राघव

**चन्दौसी।** सर्व धर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन सुख-दुख, संघर्ष और अनुभवों का एक अनमोल मिश्रण है, जो हमें निरंतर सीखने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जीवन एक सीमित यात्रा है, इसलिए इसे कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच और अच्छे विचारों के साथ जीना चाहिए। नरेश राघव ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी मानवता और मूल्यों को बनाए रखता है, वही वास्तविक अर्थों में सफल



माना जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन केवल सांस लेने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने सपनों को साकार करने, लक्ष्य निर्धारित करने और हर दिन कुछ नया सीखने की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन की सार्थकता संघर्षों से घबराकर पीछे हट जाने में नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में है। समय को उन्होंने सबसे बड़ा शिक्षक बताते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक दौर में समय हमें नई सीख देता है। इसलिए व्यक्ति को हर अनुभव से कुछ न कुछ सीखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। नरेश राघव ने कहा कि प्रेम, दया, ईमानदारी और दूसरों की सहायता करना ही मनुष्य जीवन की वास्तविक पूंजी है।

यदि व्यक्ति अपने आचरण में इन गुणों को शामिल कर ले, तो उसका जीवन स्वयं ही प्रेरणास्रोत बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं पर विश्वास रखें, क्योंकि मुश्किलें केवल परीक्षा होती हैं, जो हमें और अधिक मजबूत तथा आत्मनिर्भर बनाती हैं।

# दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने महिलाओं को किया गया जागरूक

**मुरादाबाद।** सोमवार को दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'कौशल विकास के प्रथम सत्र में महाविद्यालय परिसर से बांग्ला गांव तक महिला सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेविकाओं ने "जिस देश में होता नारी का सम्मान, वह देश होता स्वर्ग



हेतु युवा' थीम के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष दिवा शिविर के तृतीय दिवस को 'महिला सुरक्षा एवं सम्मान दिवस' के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम समान" तथा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे स्लोगन लगाकर लोगों को जागरूक किया। इसके उपरांत मिशन शक्ति टीम, थाना नागफनी द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। टीम ने 1930, 101, 112, 1090, 102, 181, 1098 और 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता विस्तार से समझाई। महिला हेड कांस्टेबल निधि, मीनू, निशा एवं कांस्टेबल पिंकी का विशेष सहयोग रहा।द्वितीय सत्र में 'महिला सुरक्षा एवं सम्मान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही सैनी बस्ती और जाटव बस्ती में पोस्टर प्रदर्शनी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलायी गई।

पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा ने प्रथम, लकी ने द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन लक्ष्य गीत के साथ हुआ। शिविर में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह एवं श्रीमती विदुषी यादव सहित सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## भोजपुर में अवैध शराब के धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोजपुर।** भोजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अवैध शराब के धंधेबाज को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। हेड कांस्टेबल लखविन्द्र और निखिल ने मोहल्ला धर्मपुर आंगा के बाहर पुलिया के पास कोने पर बगिया की तरफ थैला लेकर अवैध देशी शराब का धंधा कर रहे आशीष पुत्र छोटे सिंह निवासी भोजपुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने आशीष के कब्जे से टाप बास देशी शराब के 16 पव्वे/पाउच बरामद किए और उसके खिलाफ चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि आशीष लंबे समय से अवैध शराब का धंधा कर रहा था और पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उसने कई बार अपना ठिकाना बदला था। पुलिस ने बताया कि आशीष के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं और वह कई बार जेल भी जा चुका है। पुलिस ने बताया कि आशीष के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश भी की जा रही है।

# शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को दिया आभार, कुंदरकी विधायक को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ मुंडापांडेय ब्लॉक ने सोमवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित आभार पत्र सौंपा। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा सत्र के आखिरी दिन शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की घोषणा पर धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा से शिक्षामित्रों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि 8 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री द्वारा हम सब के बारे में कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने और मानदेय वृद्धि किए जाने की घोषणा से मन को बहुत सुकून मिला है और हमारी उम्मीदों को पंख लगे हैं। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के विकास की नीव है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयत्न कर रही



है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों के हित में जो निर्णय लिया है वह सराहनीय है। इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, राजीव चौधरी, अशरफ अली, सत्यपाल सिंह, अमरनाथ, वीरपाल सिंह, सचिन कुमार, ज्ञानवती, गीता, पारुल, इफ्तेखार अहमद, शिक्षा, बारिश अली, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरे मंत्रिमंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने थाना रजपुरा क्षेत्र के एक नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार अपराध संख्या 52/2022, धारा 354 भादंसं एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत थाना रजपुरा जनपद संभल में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

वादी द्वारा 02 फरवरी 2022 को थाना रजपुरा में तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री गांव में गोबर डालने गई थी। उसी दौरान गांव निवासी रामखिलाड़ी पुत्र सत्यपाल ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।

तहरीर में उल्लेख है कि पीडिता के शोर मचाने पर एक अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचा, जिससे आरोपी वहां से भाग गया। बाद में पीडिघ्ता ने घर पहुंचकर पूरी घटना अपनी मां को बताई, जिसके आधार पर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस द्वारा विवेचना कर साक्ष्य संकलित किए गए तथा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी रामखिलाड़ी पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम हिरौनी थाना रजपुरा जिला संभल को दोषी पाया गया। न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध का दोषी मानते हुए तीन वर्ष के कारावास एवं 05 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस निर्णय को बाल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र आशिफ , उसकी पत्नी मुनव्वरी और उसके पुत्र आशिक व अनस को आए दिन गाली गलौज व मारपीट करने और बुरी संगत में पड़ने पर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। हसनैन अली पुत्र अबलु हसन निवासी-ग्राम-चटकाली थाना डिलारी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय अपर सिविल जज ( जू० डि० ) कोर्ट न०-5 मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 505/2024
**तारीख पेशी:** 18.03.2026
**नन्हें बनाम अनस महफूज**

नन्हें पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम भैंसिया तालाब मस्जिद के पास तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

अनस महफूज पुत्र स्व. श्री सैय्यद महफूज अली निवासी लाकड़ी वालान मुगलपुरा अव्वल तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 18.03.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 23.02.2026 दिवस को निकाली गई।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० )**
**कोर्ट नम्बर-5, मुरादाबाद।**

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 11 वर्ष का कारावास

**चन्दौसी।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने थाना बहजोई क्षेत्र से संबंधित वर्ष 2020 के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अपराध संख्या 631/2020, धारा 363, 366, 376 भादंसं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के अंतर्गत थाना बहजोई में मुकदमा दर्ज किया गया था।

वादी ने थाना बहजोई पर तहरीर देकर बताया था कि 18 दिसंबर 2020 को उसकी नाबालिग पुत्री को बहजोई स्थित संभल रोड रेलवे फाटक के पास से ग्राम ढाढौल निवासी कल्याण पुत्र योगेन्द्र उर्फ पिल्लू तथा दन्ने उर्फ कृष्णा पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम खेड़ा नवादा थाना बिल्सी जनपद बदायूं बहला-फुसलाकर अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। तहरीर में बताया गया कि आरोपियों ने पीडिघ्ता को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर अपने घर ले गए। घटना के दूसरे दिन आरोपी भय के कारण



पीडिघ्ता को बदायूं स्थित बाल कल्याण समिति में छोड़कर चले गए।

इस संबंध में सूचना मिलने पर वादी बाल कल्याण समिति पहुंचा, जहां उसने अपनी पुत्री को अस्वस्थ अवस्था में पाया। घर लौटने पर पीडिघ्ता ने अपनी मां को बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना करते हुए साक्ष्य संकलित कर आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों एवं गवाहों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी दन्ने उर्फ कृष्णा पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम खेड़ा नवादा थाना बिल्सी जनपद बदायूं को दोषी पाया। न्यायालय ने दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा 03 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 366 के अंतर्गत पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं 06 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट की धारा-3 के तहत आरोपी को 11 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आरोपी को दी गई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

न्यायालय के इस निर्णय को बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे समाज में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत होगा तथा ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी दाहिने हाथ में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को कांठ तहसील एवं जनपद के हजारों शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी दाहिनी भुजा में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया । संघ के अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने कहा कि हम सभी शिक्षक एक हैं और हर प्रकार के आंदोलन के लिए तैयार हैं हम उन सभी साथियों से भी अपील करते हैं जो टेट पास हैं या जिन्हें आवश्यकता नहीं है कृपया वे भी इस आंदोलन में पूर्ण भागीदारी निभाएं ताकि भविष्य में आपसे भी इस तरह की कोई अन्य परीक्षा न ली जाएस यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगा।

# एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के पंचम दिवस पर, पूर्ण आहुति व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बाबा नीब करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के पंचम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में आह्वान किए गए नवग्रह एवं देवी-देवताओं का विधिवत पूजन किया गया। काशी से पधारे आचार्य डॉ. श्री घनश्याम त्रिपाठी के सानिध्य में पंचकुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने 11,000 आहुतियां अर्पित कर पूर्ण आहुति दी।महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा और विनय चालीसा के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमिताभ अग्निहोत्री एवं विभोर लोहिया उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में विधायक रितेश गुप्ता महानगर, डॉ. विशेष गुप्ता, धवल दीक्षित, दीपक गोयल व गीता साध्वी शामिल रहीं। हनुमानगढ़ नैनीताल से पधारे एमपी सिंह का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ।अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंतिम दिवस पर आयोजित विशाल भंडारे में लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट संस्थापक अनिल कुमार शर्मा एवं महामंत्री राकेश गुप्ता ने सभी अतिथियों व भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# संत गाडगे स्वछता, समाज प्रणेता थे: जयवीर सिंह यादव

**मुरादाबाद।** संत गाडगे जयंती पर समाजवादी पार्टी ने सिविल लाइन्स स्थित कार्यालय में संत गाडगे जयंती पर सोमवार को सादगी और सम्मान के साथ मनाया सपा नेताओं ने स्वच्छता और समाज सुधार के प्रणेता संत गाडगे को याद करते हुए उनके आदर्शो को अपनाने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव संत गाडगे की चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करतें हुए कहा गाडगे का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समानता और स्वच्छता का संदेश देना था। गाडगे महाराज ने षशिक्षा और स्वच्छताष के उपदेशों को रेखांकित किया। बाबा के जीवन और उनके विचारों का गुणगान किया गया, जिसमें अंधविश्वास के खिलाफ उनकी लड़ाई का जिक्र किया । संत गाडगे के दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए किए। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, वेदप्रकाश सैनी, आशकार पाशा, ब्रजलाल जाटव, दिलप्रीत सिंह, नागभारती, लुकमान खान, योगेंद्र यादव वाहन सिंह, क्यामुद्दीन सैफी, मोहन यादव, बालकिशन शर्मा, शंकर लाल सैनी सरदार पाल, राजीव विश्नोई,सर्वेश प्रजापति,विनय प्रसाद, रोहित आदि मौजूद रहे।



# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक में आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार बनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** होली के त्योहार एवं रमजान माह को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने की। सोमवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों तथा सामाजिक प्रतिनिधि ने भाग लेने पहुंचे। कोतवाली परिसर में कुछ लोगों के लिए अगले बैठने की व्यवस्था थी । इस पर भाजप के पूर्व नगराध्यक्ष ने विरोध जारी करते हुए बैठक में बुलाए सभी को एक समान सम्मान की बात कही। उन्होने कहा कि लेकर आपसी सौहार्द बनाए रखने है। बैठक में क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में पवित्र रमजान का महीना चल रहा है और होली का पर्व भी निकट है, इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे और सम्मान के साथ



त्योहार मनाएं। उन्होंने अपील की कि रंग खेलने के दौरान सावधानी बरती जाए तथा किसी की इच्छा के विरुद्ध जबरन रंग न लगाया जाए। जिन लोगों को रंगों से परहेज है, उनकी भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि होली के रंग के दौरान रंग परहेज रखने वाले लोग घर से बाहर न निकले। साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

बिना हेलमेट पहने बाइक न चलाएं । बैठक के दौरान नगर के नागरिकों ने यह भी मुद्दा उठाया कि पीस कमेटी की बैठकों में विद्युत विभाग और नगर पालिका के प्रति. निधि प्राय: उपस्थित नहीं रहते। उन्होंने भविष्य की बैठकों में संबंधित विभागों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की, ताकि नगर की समस्याओं और सुझावों पर प्रभावी चर्चा हो सके। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी भी अराजक तत्व द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में नगर व देहात क्षेत्र में बढ़ते नाशे के कारोबार पर भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष रूद्धदत्त शर्मा ने अंकुश लगाए जाने की मांग की है। जबकि तक नशे पर अंकुश नही लगेगा, तब तक नगर व देहात क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं नही रूक पाऐगी । बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल, भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष रुद्र दत्त शर्मा, उमेश गुप्ता, कमलेश कुमार, पंकज गुप्ता, हाजी मुख्तियार सैफी, प्रधान पति रिफाकत चौधरी, शाहनवाज खान, अकिल मलिक , पंकज गुप्ता, कमलेश कुमार, , राकेश राकेश सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है।

